हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 27 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 युवा शक्ति ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की ...



07 रक्षाबंधन से पहले बाजारों में लौटी रौनक राखी...



खबर संक्षेप

महंगाई के खिलाफ नगर कांग्रेस का हल्ला बोल आंदोलन आज

विदिशा। बढ़ती महंगाई के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा आज गुरुवार को हल्ला बोल आंदोलन आयोजित किया जाएगा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने बताया कि आंदोलन के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं आमजन महंगाई के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। जिला कांग्रेस के निर्देशन में नगर कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित यह आंदोलन आज बुधवार को दोपहर 3 बजे माधवगंज चौराह से शुरू होगा। रवि साहू ने कहा कि हल्ला बोल आंदोलन के जरिए बढ़ती महंगाई से परेशान आम जनता के जनआक्रोश को मुखर किया जाएगा।

29 को मनाया जाएगा लवकुश जयंती महोत्सव

विदिशा। कुशवाह महासभा के तत्वावधान में 29 अगस्त को भुजरिया पर्व पर भगवान श्री लव-कुश जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। वर्ष 2006 से आयोजित हो रहा यह महोत्सव इस बार 21वें वर्ष में प्रवेश करेगा। सुबह 10 बजे पूजा-अर्चना और 11 बजे अतिथियों का स्वागत होगा। दोपहर 12 बजे सत्संग भवन, पुराना बस स्टैंड से भव्य शोभायात्रा निकलेगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर बजरिया में संपन्न होगी। शोभायात्रा में डीजे, बैंड और भगवान लव-कुश के स्वरूप मुख्य आकर्षण रहेंगे। महासभा ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

किरार धाकड़ समाज ने शुरू किया जनसंपर्क

शमशाबाद। हर छठ के अवसर पर भगवान बलराम जयंती को लेकर किरार धाकड़ समाज द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। 2 सितंबर को महानीम चौराहा से शमशाबाद तक भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। आयोजन को लेकर समाज की समितियां गठित की गई हैं। समितियों के सदस्य गांव-गांव पहुंचकर समाजजनों से संपर्क कर रहे हैं और चल समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। समाजजनों में आयोजन को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि भगवान बलराम जयंती चल समारोह को भव्य बनाने तैयारियां की जा रही हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने दुकानों से नमूने लिए

विदिशा। आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य पदार्थों की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने जिलेभर में जांच अभियान तेज कर दिया है। विदिशा, गंजबासौदा, लटेरी और आनंदपुर क्षेत्र के मिठाई, किराना एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मावा, बर्फी, लड्डू, घी, तेल, नमकीन सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। विदिशा बस स्टैंड पर बाहर से आने वाले मावा व दुग्ध उत्पादों की भी सघन जांच की गई। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच में मिलावट पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गीतकार जगदीश श्रीवास्तव का निधन

विदिशा। वरिष्ठ गीतकार, साहित्यकार एवं शिक्षक जगदीश




श्रीवास्तव का बुधवार को निधन हो गया। वर्षों तक मंचीय प्रस्तुतियों से अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले श्री श्रीवास्तव ने 'सृजन क्षण' पत्रिका का संपादन किया तथा 'संघमित्रा' प्रकाशन का संचालन भी किया। वे साहित्य अकादमी मप्र संस्कृति परिषद के पाठक मंच विदिशा के संयोजक रहे। भोपाल पाठक मंच के संयोजक के रूप में भी उन्होंने साहित्यिक आयोजनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन पर साहित्यकारों और मित्रों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

मोटरसाइकिल चोरी के मामले में सिविल लाइन पुलिस की बड़ी कार्रवाई

10 हजार के इनामी 3 आरोपी गिरफ्तार कई स्थानों से चोरी 10 बाइक बरामद हुईं

शहर में लगातार हो रहीं बाइक चोरी की घटनाओं पर अब शायद विराम लग गए। क्योंकि पुलिस ने शहर से बाइक चोरी करने वाले एक गिरोह को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। जब्त हुईं चोरी की बाइकें।



विदिशा। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाई सिविल लाइन पुलिस।

सिविल लाइन पुलिस ने बाइक चोरी के मामलों में कार्रवाई करते हुए 10 हजार के इनामी 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिलों सहित कुल 10 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार 19 अगस्त को फरियादी अक्षय जैन निवासी किरी मोहल्ला ने थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बाइक रंगई हनुमान मंदिर के बाहर खड़ी थी, जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। इस मामले में थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया।

इसी प्रकार 5 अगस्त को फरियादी मुकेश रजक निवासी पुलिस लाइन ने अपनी बाइक रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 के बाहर से चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में भी प्रकरण दर्ज किया गया। एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की गई। एएसपी मोनिका तिवारी एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी सिविल लाइन राजपाल सिंह जादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान मिले भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने कन्हैयालाल केवट नरखेड़ाघाट नटेरन, आकाश आदिवासी ग्राम चौपड़ा हैदरगढ़ और दीपक आदिवासी ग्राम बागरी यह सभी फिलहाल जतरापुरा सौराई पर रहते हैं। तीनों आरोपियों पर मोटरसाइकिल चोरी के मामलों में कुल 10 हजार का इनाम घोषित था। शहर में पिछले महीनों में कई बाइक चोरी हुई हैं।

अलग-अलग स्थानों से चोरी की थीं बाइकें

पूछताछ और जांच में सामने आया कि आरोपी अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिलें चोरी करते थे। बरामद वाहनों में होशंगाबाद, बैरसिया, धतुरिया रोड, नैनीताल क्षेत्र, सब्जी मंडी, मंडीदीप, विदिशा रेलवे स्टेशन, बागरोद-सागर रोड और अशोकनगर रोड नटेरन क्षेत्र से चोरी की गई मोटरसाइकिलें शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से प्रकरणों में चोरी गई 10 बाइक बरामद की हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में वाहन चोरी की अन्य घटनाओं के खुलासे की भी संभावना जताई जा रही है।

जर्जर मकान का छज्जा भरभराकर गिरा, दुकानों का सामान हुआ क्षतिग्रस्त

शहर के जर्जर मकानों पर सवाल उठे



विदिशा। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर हुआ वायरल।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- जर्जर भवनों के मालिकों को दिए जाते हैं सिर्फ नोटिस।

शिवाजी चौक के पास मंगलवार को एक जर्जर दो मंजिला मकान का छज्जा और उसके ऊपर बना लेट-बाथ अचानक भरभराकर नीचे गिर गया। हादसे के समय नीचे संचालित दुकानों में काम चल रहा था। मोबाइल रिपेयर दुकान के काउंटर पर बैठे दुकानदार नितिन सोनी ने समय रहते पीछे हटकर अपनी जान बचाई। हालांकि, मलबे और टूटे कांच की चपेट में आने से उन्हें मामूली चोटें आईं।

हादसे में नीचे संचालित तीन दुकानों के काउंटर, शीशे, मोबाइल और अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। इनमें एक ज्वेलर्स की दुकान भी शामिल है, जो बुधवार को हाट बाजार होने के कारण बंद थी। गनीमत रही कि घटना के समय छज्जे के ठीक नीचे कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। दुकानदारों के अनुसार शिवाजी चौक स्थित कटारे भवन काफी पुराना है और इसके छज्जे व दीवारों में पहले से दरारें और झुकाव दिखाई दे रहा था। इसकी जानकारी मकान मालिक को भी दी गई थी। ऊपर बने लेट-बाथ में पानी भरा होने और लगातार नमी के कारण ढांचा कमजोर होने की आशंका जताई जा रही है। पूरी घटना सामने लगी दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हादसे के बाद शहर में जर्जर मकानों का सर्वे कराकर खतरनाक भवनों को समय रहते खाली कराने की मांग उठने लगी है।

करारिया की जर्जर सड़क बनी ग्रामीणों की परेशानी

बरसात में गड्ढों में जलभराव से बढ़ा दुर्घटना का खतरा, जल्द मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



करारिया। सड़क पर जलभराव होने के कारण ग्रामीण परेशान।

करारिया गांव की मुख्य सड़क जर्जर होकर ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। गांव के भीतर जाने का यह एकमात्र रास्ता जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुका है।

सड़क पर कीचड़ और बरसाती पानी जमा होने से आवागमन मुश्किल हो गया है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रात के समय इस रास्ते से गुजरना विशेष रूप से जोखिमभरा है। गांव के बच्चे भी प्रतिदिन इसी सड़क से स्कूल जाते हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है।

करारिया-लश्करपुर के सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र प्रताप सिंह जादौन ने बताया कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत के लिए कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग से मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव तक पहुंचने के लिए यही एकमात्र मार्ग है और इसकी बदहाल स्थिति के कारण रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

नवोदय विद्यालय में हुई चोरी की वारदात

शमशाबाद। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बावजूद पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद परिसर में चोरी की वारदात से हड़कंप मच गया। अज्ञात चोरों ने परिसर स्थित चार कर्मचारियों के आवासों को निशाना बनाया। घटना के समय चारों कर्मचारी परिसर में मौजूद नहीं थे। विद्यालय परिसर में करीब 600 विद्यार्थी और 70 परिवार निवास करते हैं। चोर विद्यालय की पिछली ओर स्थित अपेक्षाकृत छोटी बाउंड्री वॉल से कंटीले तार काटकर परिसर में दाखिल हुए। सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध चेहरे ढंके हुए नजर आए हैं। प्राचार्य जितेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि चार कर्मचारियों के आवासों में चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

23 वाहनों की जांच, 19 के चालान बनाए, 4 जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। वाहनों की जांच के दौरान कार्रवाई करते हुए आरटीओ अधिकारी।

कलेक्टर के निर्देश पर परिवहन विभाग ने बुधवार को सागर रोड पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 23 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि जांच के दौरान 23 वाहन नियम विरुद्ध संचालित होते पाए गए। इनमें से 19 वाहन चालकों एवं संचालकों से कुल 87 हजार रुपए का शमनशुल्क वसूल किया गया। वहीं शेष 4 वाहनों के प्रकरण निराकरण की प्रत्याशा में उन्हें जब्त कर सुरक्षार्थ पुलिस थाना ग्यारसपुर में रखा गया है। त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को ध्यान में रखते हुए अभियान में यात्री बसों की विशेष रूप से जांच की गई। बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां ढोने, आवश्यक दस्तावेजों तथा सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया। इसके अलावा अन्य प्रकार के वाहनों की भी जांच कर नियमों के उल्लंघन पर आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी पालन के लिए इस प्रकार की जांच कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

बड़वाले घाट पर श्रावणी उपाकर्म किया गया

विदिशा। मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा बड़वाले घाट पर श्रावणी उपाकर्म किया गया है जिसमें 10 विधि स्नान पंच गव्य पान संध्या तर्पण पंचांग पीठ पूजन इसके उपरांत ब्रह्म यज्ञ तथा यज्ञोऊ पवित्र को अभिमंत्रित करके धारण किया जाता है जिस वर्ष भर में हुए दोष का प्रायश्चित किया जाता है यह विप्रो का सबसे बड़ा पर्व है इस अवसर पर



मध्य प्रदेश पार्टी पुजारी महासभा के अध्यक्ष पंडित संजय पुरोहित पंडित नारायण प्रसाद शर्मा राम लखन भार्गव संजय शास्त्री दीपक भार्गव उपेंद्र रामायणी हेमंत शर्मा राजू शर्मा आदि ब्रह्म शामिल हुए पंडित संजय पुरोहित के आचार्य में पूरा कार्यक्रम विधि संपन्न हुआ।

शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने और उन्हें मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

तमिलनाडु सरकार द्वारा कार्यरत शिक्षकों को टीईटी से छूट देने के संबंध में संकल्प पारित कर केंद्र सरकार को भेजे जाने का निर्णय लिया है।

मोर्चा के जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी एवं जिला महामंत्री कृष्ण गोपाल राय ने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने शिक्षकों की पीड़ा को समझते हुए संवेदनशीलता दिखाई है, जो सराहनीय है। उन्होंने मांग की कि मध्यप्रदेश सरकार भी तमिलनाडु की तर्ज पर संकल्प पारित कर केंद्र सरकार को भेजे और कार्यरत शिक्षकों को टीईटी से छूट दिलाने का प्रयास करें। मोर्चा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं शिक्षा मंत्री से शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने और उन्हें मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने की मांग की।

संतोष जिलाध्यक्ष बने

विदिशा। राष्ट्रीय नाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद गांधी एवं



प्रदेश अध्यक्ष दीपक सराठे की अनुशंसा पर संतोष सराठे को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्त पर राजकुमार विश्वकर्मा, सुजीत देवलिया, प्रवीण बसिया, अभिजीत सेन, देवेंद्र सेन, संतोष सिन्हा, प्रकाश लोधी, खिलान यादव, सुरेश मालवीय, छत्रपाल शर्मा, राजेश राय, कमलेश सूर्यवंशी, अटल तिवारी ने उन्हे बधाई दी है।

शहर के प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण की तैयारी विधायक ने किया निरीक्षण

माधवगंज से रामलीला परिसर तक विकास कार्यों की बनेगी डीपीआर, नागरिकों से लिए जाएंगे सुझाव



विदिशा। विकास कार्यों के लिए निरीक्षण करते हुए विधायक व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों के विकास एवं सौंदर्यीकरण को गति देने के उद्देश्य से विधायक मुकेश टंडन एवं नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने बुधवार को नगर पालिका के सीएमओ सहित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान माधवगंज चौराहा, तिलक चौक, बड़ा बाजार, मेडिकल कॉलेज के सामने, आरा मशीन चौराहा एवं रामलीला परिसर सहित शहर के प्रमुख स्थानों का जायजा लिया गया। इस दौरान इन क्षेत्रों के व्यवस्थित विकास, यातायात व्यवस्था में सुधार तथा आकर्षक सौंदर्यीकरण की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक टंडन एवं शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित स्थानों के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए डीपीआर तैयार किया जाए। डीपीआर तैयार होने के बाद शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं सभी पार्षदों के साथ विचार-विमर्श कर उनके सुझाव लिए जाएंगे। प्राप्त सुझावों और जनभावनाओं के आधार पर शहर की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रमुख चौराहों एवं मार्गों के विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों को अंतिम रूप देकर चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे।

गरीब बस्तियों में लंगर और मुस्लिम युवाओं ने किया रक्तदान

जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर निकला भव्य जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



- युवाओं ने ब्लड बैंक में रक्तदान किया और सेवा एवं इंसानियत का संदेश दिया।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर बुधवार को विदिशा में मुस्लिम समाज द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस दोपहर 2 बजे बड़ी बजरिया से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे संपन्न हुआ। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। पूरे मार्ग में नात-ए-पाक और दरूद-ओ-सलाम की सदाएं गूंजती रहीं।

ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शहर की विभिन्न मस्जिदों में कुरआनख्वानी का आयोजन किया गया। वहीं गरीब बस्तियों और जरूरतमंद परिवारों के बीच लंगर-ए-आम आयोजित कर भोजन कराया गया। मुस्लिम नौजवानों ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया और सेवा एवं इंसानियत का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू ने किया। हाजी यासीन ने नात-ए-पाक पेश की। हाफिज मोहम्मद शाहिद ने पैगंबर हजरत मोहम्मद की सीरत-ए-मुबारक पर प्रकाश डालते हुए अमन, मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत के रास्ते पर चलने का संदेश दिया। जुलूस संचालक चौधरी जुबेर अहमद ने समाजजनों, सहयोगियों और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। समापन पर चौधरी इसरार अहमद नूरी ने दुआ कराई। इस अवसर पर चौधरी परवेज अहमद, चौधरी फरहत अली, इस्माइल शाह, मंजर आलम एडवोकेट सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में पैगंबर-ए-इस्लाम की हदीस का संदेश दिया गया कि "तुम में सबसे बेहतर वह है जिसके अखलाक सबसे अच्छे हैं।" उपस्थित लोगों ने उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर समाज में अमन, भाईचारा और इंसानियत मजबूत करने का संकल्प लिया।

खबर संक्षेप

डॉ. तिवारी बने राजा भोज ज्योतिष पीठ अध्यक्ष



गंजबासौदा। आनंद योग ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं विश्व ज्योतिष कांग्रेस के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राज ज्योतिष डॉ. विनीत तिवारी को राजा भोज ज्योतिष पीठ भोपाल का अध्यक्ष चुना गया। राजा भोज ज्योतिष पीठ के अध्यक्ष डॉ. विनीत तिवारी ने श्रावण पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन के अवसर पर लगने वाले चंद्र ग्रहण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि 28 अगस्त 2026 को होने वाला आंशिक चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। अतः शास्त्रीय दृष्टि से यहाँ सूतक काल लागू नहीं होगा और रक्षाबंधन का त्योहार ग्रहण के प्रभाव से मुक्त रहेगा।डॉ. तिवारी ने बताया कि इस वर्ष श्रावण शुक्ल पूर्णिमा 28 अगस्त 2026 शुक्रवार को है। इसी दिन आंशिक चंद्र ग्रहण भी घटित होगा। उन्होंने विशेष रूप से स्पष्ट किया कि ग्रहण के समय भारत में चंद्रमा क्षितिज के नीचे रहेगा, इसलिए यह घटना भारतीय आकाश में प्रत्यक्ष रूप से दिखाई नहीं देगी। ज्योतिष एवं धर्मशास्त्र की सुस्थापित मान्यता "यत्र दृश्यम् तत्र फलम्" के अनुसार, जो ग्रहण किसी स्थान से दिखाई नहीं देता, वहाँ उसका सूतक एवं संबंधित निषेध लागू नहीं होते।

ट्रांसफार्मर का तेल चोर गिरोह सक्रिय

गंजबासौदा। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों खेतों में लगे विद्युत ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है, जिससे किसान बेहद परेशान हैं। ग्राम भिदवासन में अज्ञात चोरों ने एक खेत में रखे ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, चोरों ने देर रात खेत में लगे ट्रांसफार्मर को कटर मशीन से काट कर तेल चोरी कर लिया। सुबह जब किसान खेत पर पहुंचे, तो ट्रांसफार्मर कटा हुआ मिला और बिजली ठप्प थी। यहां उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में लगातार अलग-अलग किसानों के खेतों में लगे ट्रांसफार्मर से तेल निकाला जा रहा है। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामवासियों ने पुलिस थाने में शिकायती आवेदन दिया है। जिसमें पुलिस से अज्ञात चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। आवेदन देने वालों में रानी देवेन्द्र रघुवंशी, विनोद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान मौजूद रहे।

सीताफल से लद रहे हैं झाड.....



गंजबासौदा। बारिश के मौसम में क्षेत्र के खेतों और बगीचों में सीताफल के झाडों पर फल लगने शुरू हो गए हैं। स्थानीय लोग इसे शरीफा भी कहते हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस बार मौसम अनुकूल रहने से सीताफल की पैदावार अच्छी रहने की संभावना है। सीताफल में विटामिन, फाइबर और आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि अगले दो माह में मंडी में सीताफल की आवक बढ़ने लगेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर में लगे पेड़ों से भी फल तोड़कर बेचे जाएंगे, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय होगी। छाया : राजा छारी

स्टेशन पर ई-रिक्शा चालकों की मनमानी बनी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रक्षाबंधन पर्व के चलते रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है बड़ी संख्या में रेल यात्री ट्रेनों से आवागमन कर रहे हैं। ऐसे में स्टेशन के सामने ई रिक्शा चालकों की मनमानी यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है। रेल यात्रियों का आरोप है कि कई ई रिक्शा चालक स्टेशन के मुख्य प्रवेश और आगमन क्षेत्र के आसपास कहीं भी वाहन खड़े कर देते हैं, इससे स्टेशन के सामने जाम जैसी स्थिति बन रही है और यात्रियों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है खासकर रक्षाबंधन के अवसर पर यात्रियों की बढ़ी भीड़ के कारण समस्या और गंभीर हो गई है। यात्रियों का कहना है कि ई रिक्शा के लिए यदि स्टेशन के बाहर व्यवस्थित पार्किंग या निर्धारित स्थान तय कर दिया जाए तो यातायात व्यवस्था बेहतर हो सकती है। लोगों ने प्रशासन और रेलवे प्रबंधन से मांग की है कि स्टेशन के सामने बेतरतीब खड़े होने वाले ई रिक्शा पर अंकुश लगाया जाए और यात्रियों के लिए व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर युवा संवाद, राष्ट्र निर्माण और भारतीय संस्कृति पर हुआ मंथन

युवा शक्ति ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला: कैलाशचंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





युवा शक्ति ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। राष्ट्र निर्माण के लिए केवल आधुनिक शिक्षा और तकनीकी दक्षता पर्याप्त नहीं है, बल्कि संस्कार, सेवा, अनुशासन और समर्पण का भाव भी आवश्यक है। जिस युवा में अपने राष्ट्र, समाज और संस्कृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव होगा, वही देश को सही दिशा देने में सक्षम होगा। उक्त उद्गार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला इकाई द्वारा शासकीय एसजीएस पीजी कॉलेज में आयोजित हुए युवा संवाद कार्यक्रम में संघ के मध्य क्षेत्र प्रचार प्रमुख कैलाशचंद्र ने मुख्य वक्त के रूप में युवाओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए व्यक्त किए। दीप प्रज्वलन के साथ मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता विनोद गर्ग ने की। उत्साह, ऊर्जा और राष्ट्र भाव से परिपूर्ण वातावरण में हुए इस कार्यक्रम में युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका, भारतीय संस्कृति, संस्कार, सेवा और समर्पण जैसे विषयों पर भी गंभीर मंथन हुआ। कार्यक्रम में युवाओं ने विभिन्न विषयों को लेकर अपनी जिज्ञासाएं और प्रश्न रखे, जिनका कैलाशचंद्र ने सहजता और तार्किक ढंग से जवाब देते हुए मार्गदर्शन किया। युवा संवाद का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष प्रश्नोत्तर सत्र रहा। कार्यक्रम के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। पूरे आयोजन में युवा शक्ति, वैचारिक जागरण, भारतीय संस्कृति और राष्ट्र निर्माण को लेकर सकारात्मक वातावरण बना रहा। आयोजकों ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में ऐसे संवादों का उद्देश्य युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी, स्वयंसेवक,, पत्रकारगण, महाविद्यालय स्टॉफ, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

भारत को जानना ही नहीं मानना भी होगा

गंजबासौदा। युवाओं को संबोधित करते हुए कैलाशचंद्र ने कहा कि भारत को केवल जानने से भारत की पहचान पूरी तरह नहीं समझी जा सकती, भारत को मानना भी होगा। हमारे पूर्वजों ने भारत को केवल एक भूखंड के रूप में नहीं देखा, बल्कि इसे एक जीवंत सांस्कृतिक चेतना के रूप में स्वीकार किया। भारतीय मनीषियों ने पहले स्वयं को बनाने और उसके बाद समाज एवं राष्ट्र के निर्माण की बात कही। इसलिए राष्ट्र निर्माण की शुरुआत व्यक्ति के स्वयं के चरित्र निर्माण से होती है।उन्होंने भारतीय दर्शन और संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि हमारी सभ्यता का विकास केवल भौतिक उपलब्धियों पर आधारित नहीं रहा। हमारी संस्कृति ने जीवन में ज्ञान, मूल्य, कर्तव्य और लोक कल्याण को प्रमुखता दी। हमारे मनीषियों ने जो ज्ञान दिया, वह केवल किसी एक व्यक्ति या वर्ग के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के कल्याण की दृष्टि से था।

युवा अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाएं

गंजबासौदा। उन्होंने युवाओं को आगाह करते हुए कहा कि आधुनिकता को स्वीकार करना समय की आवश्यकता है, लेकिन आधुनिकता के नाम पर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कटना उचित नहीं है। बदलती परिस्थितियों और बाजारवादी प्रभाव के बीच युवाओं को यह तय करना होगा कि उन्हें तकनीक और आधुनिक ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए करना है या केवल उपभोक्तावादी जीवनशैली का हिस्सा बनना है। उन्होंने कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी युवा आबादी के साथ-साथ उसकी संस्कृति, सामाजिक एकता और सेवा की भावना में निहित है। यदि युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएं तो भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का लक्ष्य और मजबूत हो सकता है।

युवाओं ने उठाए कई सवाल

गंजबासौदा। युवा संवाद के दौरान दिल्ली में हाल में हुए आंदोलनों के तौर-तरीकों को लेकर भी युवाओं ने सवाल उठाए कि अपनी मांगों के लिए सड़क पर उतरना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन क्या आंदोलन के दौरान अभद्र भाषा, व्यक्तिगत अपमान और ऐसी अभिव्यक्ति उचित मानी जा सकती है, जो भारतीय सामाजिक और सांस्कृतिक मर्यादाओं से मेल न खाती हो? युवाओं ने भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद, शिक्षा, पश्चिमी उपभोक्तावाद, वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों और युवाओं की जिम्मेदारियों से जुड़े सवाल किए। कैलाशचंद्र ने प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देते हुए युवाओं से कहा कि प्रश्न पूछना जागरूकता है।

विहिप की बासौदा प्रखंड की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बुधवार को विश्व हिंदू परिषद गंजबासौदा की प्रखंड बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभाग संगठन मंत्री मुकेश माहेश्वरी का सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष मुकेश सेन, जिला मंत्री रविंद्र ठाकुर, नगर अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर मंत्री संजय सिलावट ने किया।

ईद मिलादुन्नवी पर मुस्लिम समाज के अनेक युवकों ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

ईद मिलादुन्नवी के अवसर पर नौजवान मुस्लिम कमेटी एवं ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मानवता की सेवा के संदेश के साथ बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान के लिए अटल मेडिकल कॉलेज की चिकित्सकों की टीम मौजूद रही, जिसमें केशव रजक, सिद्धेश्वर, शशि ठाकुर, दीपेश यादव, अखिलेश, शुभम कीर, शैलेंद्र पवार, अजय ने सेवाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव,एसडीएम अनुभा जैन, एसडीओपी शिखा भलावी, तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव, देहात थाना प्रभारी जय कुमार सिंह, मेडिकल कॉलेज विदिशा सुपरिटेंडेंट अभिषेक भिलावे सहित सोहेल भाई, आसिफ पटेल, प्रहलाद रघुवंशी, बीडी शर्मा, राजेश माहेश्वरी, नारायण सोनी, अमित दुबे, अपूर्व जैन, लोकेंद्र ठाकुर सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजन समिति में हाफिज अफजल खान, अब्दुल मतीन खान, सैयद नदीम अली, अदनान भाई, मिर्जा हबीब बेग, अयाज अली, नदीम पठान, सोहेल मिर्जा, सलमान खान, अजहर भाई, आदिल अली, फराज अली, जाहिद मंसूरी, शाहरुख मंसूरी, शाहरुख राईन, आसिफ भाई, बिलाल हसन, अमन भाई, साबिर अली, अशरफ अली, सद्दाम कुरैशी, यासिर कुरैशी, जोयेब हसन एवं समस्त नौजवान कमेटी का विशेष सहयोग रहा।

आयोजित हो रहा तीन दिवसीय रुद्र निर्माण एवं महाअभिषेक

गंजबासौदा। वार्ड नंबर 5 स्थित बिजासन माता मंदिर में तीन दिवसीय अनुष्ठान में तृतीय दिवस में सभी श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ के 51000 रूद्र निर्माण कर, महा अभिषेक किया गया। यह धार्मिक आयोजन भगवान शिव के प्रति लोगों की श्रद्धा भक्ति को दर्शाता है। इस अनुष्ठान में भगवान शिव का रुद्राभिषेक पंडित सुनील शास्त्री के माध्यम से कराया गया। शिवलिंग के रुद्र निर्माण में पंडित सत्यम मिश्रा द्वारा एवं समस्त मातृशक्ति और मंदिर के संस्थापक अमर सिंह कुशवाह, ऋषभ यादव, भूपेंद्र, राजकुमार, पुरुषोत्तम, अंकुर, सौरभ , जगदीश सहित अनेक भक्तगण मौजूद रहे।

मुआवजा राशि में भेदभाव को लेकर सौंपा ज्ञापन

गंजबासौदा। गत दिवस त्योंदा तहसील कार्यालय में अनेक किसानों ने एनएच 146 के निर्माण में जमीन जाने पर मुआवजा राशि में भेदभाव के संबंध में तहसीलदार आनंद जैन को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सागर भोपाल हाईवे 146 में जो जमीन ली गई है उसमें किसी किसान को एक एकड़ के चार गुणा रुपए मिल रहे हैं, तो किसी किसान को एक एकड़ के दो गुणा रुपए दिए जा रहे हैं, मुआवजा की राशि में भेदभाव किया जा रहा है। किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से मौके पर पहुंचकर जांच कर कर मुआवजा राशि वितरण किए जाने की मांग की है। इस दौरान गोविंद सिंह गुर्जर, अतुल शर्मा, सोनू शर्मा, गोविंद राजपूत, धीरज सिंह, जितेंद्र सिंह, दिनेश, महेंद्र सहित अनेक किसान मौजूद थे।



मगन दुबे की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

अन्नपूर्णा सेवा समिति को आगे बढ़ाने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के संस्थापक एवं सेवा भावी कार्यकर्ता मगन दुबे के असमय निधन पर मानस भवन में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में नगर के सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक, राजनीतिक एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर स्वर्गीय मगन दुबे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान मगन की स्मृति में परिजनों द्वारा उनकी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए नगर की दो गौशाला खेड़ापति श्रीराम-जानकी गौशाला एवं निस्वार्थ गौशाला के लिए 2100-2100 रूपए एवं मगन के वजन के बराबर गोग्रास भेंट किया गया। श्रद्धांजलि सभा में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभा में वक्ताओं ने कहा कि मगन दुबे का असमय निधन केवल उनके परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे नगर की क्षति है। उन्होंने समाज के जरूरतमंद और निर्धन लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था को अपना जीवन-संकल्प बनाया। इसी सेवाभाव को संस्थागत रूप देते हुए उन्होंने मां अन्नपूर्णा सेवा समिति की स्थापना की, जिसके माध्यम से जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि मगन दुबे की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने सेवा को केवल व्यक्तिगत प्रयास तक सीमित नहीं रखा, बल्कि नगर के लोगों को इससे जोड़कर इसे सामूहिक सेवा का स्वरूप दिया। वे स्वयं सहयोग जुटाते, लोगों को प्रेरित करते और यह सुनिश्चित करते कि जरूरतमंद तक भोजन पहुंच सके। उनके प्रयासों से अनेक लोगों में अन्नदान और जरूरतमंदों की सहायता के प्रति नई भावना जागृत हुई। सभा में यह भाव भी प्रमुखता से सामने आया कि मगन दुबे आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका सेवा-संकल्प जीवित रहना चाहिए। मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के माध्यम से चल रहे कार्य को रुकने नहीं दिया जाएगा। नगर के सेवाभावी नागरिकों, सामाजिक संगठनों और दानदाताओं से सहयोग लेकर इस सेवा कार्य को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उपस्थित नागरिकों ने भी मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के कार्यों में यथासंभव सहयोग देने की भावना व्यक्त की। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय मगन दुबे और उनके परिजन निखिल शर्मा को श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा का संचालन रविंद्र जैन ने किया।

विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

गंजबासौदा। गत दिवस लोकल यूथ सर्वेयरों ने नायब तहसीलदार रतिराम अहिरवार को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों से अवगत कराया और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे हड़ताल पर चले जाएंगे। सर्वेयरों की प्रमुख मांग है कि लोकल यूथ सर्वेयरों के लिए लागू रोटेशन प्रणाली को तत्काल प्रभाव से पूरी तरह समाप्त किया जाए। अन्य मांगों में लोकल यूथ सर्वेयरों की नई नियुक्तियों पर तत्काल रोक लगाना शामिल है। उन्होंने डिजिटल गिरदावरी कार्य के लिए 100 मीटर दूरी की सुविधा प्रदान करने की भी मांग की, जिससे उन्हें काम करने में आ रही व्यावहारिक समस्याओं का समाधान हो सके। इसके अतिरिक्त, WebGIS और अन्य संबंधित पोर्टलों में आने वाली तकनीकी समस्याओं का तत्काल और स्थाई समाधान करने तथा लोकल यूथ सर्वेयरों का पिछला लंबित मानदेय भुगतान शीघ्र क्लियर करने की मांग भी की गई। पूर्व में आवेदन दिए जाने के बावजूद उनकी मांगों पर कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई है।

वेदांत आश्रम में चल रहा पार्थिव शिवलिंग निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में श्रावण मास के दौरान चल रहे मासिक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन-अर्चन में बुधवार को श्रद्धा और आस्था का अद्भुत वातावरण रहा। नवांकुर विद्यालय के कोषाध्यक्ष पहलवान सिंह राजपूत एवं राजेंद्र शर्मा ने यजमान के रूप में पार्थिव शिवलिंग पूजन का लाभ प्राप्त किया। पूजन के उपरांत महंत हरिहरदास महाराज ने शिव महिमा पर विशेष उद्बोधन देते हुए शिवपुराण की रुद्रसंहिता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शिव की महिमा को केवल कैलाशवासी देवता के रूप में समझना उनके विराट स्वरूप को सीमित करना है। रुद्र संहिता में शिवलिंग को उस परम तत्व का प्रतीक बताया गया है, जिसमें सम्पूर्ण सृष्टि का लय और स्थिति निहित है। शिवलिंग की वेदी शक्ति का और लिंग स्वयं महेश्वर का स्वरूप माना गया है। महंत ने कहा कि रुद्र संहिता में बताया गया है जिस प्रकार वृक्ष की जड़ में जल देने से उसकी सभी शाखाएं तृप्त हो जाती हैं, उसी प्रकार शिव की आराधना से समस्त देवताओं की आराधना का फल प्राप्त होता है। रुद्र संहिता में कहा गया है कि शिव की पूजा होने पर सभी देवताओं की पूजा हो जाती है और इसलिए लोक कल्याण तथा अभीष्ट फल की प्राप्ति के लिए भगवान शंकर की आराधना करनी चाहिए। उन्होंने पार्थिव शिवलिंग की महिमा बताते हुए कहा कि मिट्टी से निर्मित यह शिवलिंग साधना को अत्यंत सहज बना देता है। शिवपुराण में पार्थिव लिंग की पूजा को भोग और मोक्ष प्रदान करने वाली तथा अत्यंत उपयोगी साधना के रूप में वर्णित किया गया है। महंत हरिहर दास महाराज ने कहा कि पार्थिव शिवलिंग हमें जीवन का सबसे बड़ा सत्य भी समझाता है जिस मिट्टी से मनुष्य का शरीर बना है, उसी मिट्टी से शिव का स्वरूप बनाकर जब वह उसी में अपनी श्रद्धा अर्पित करता है, तो अहंकार स्वतः गलने लगता है। यही शिव साधना का वास्तविक उद्देश्य है। पूजन-अर्चन के बाद आरती एवं प्रसादी का वितरण किया गया।

महंगाई का असर भी दिखा: एक किलो की जगह 250 ग्राम से आधा किलो मिठाई खरीद रहे ग्राहक

रक्षाबंधन से पहले बाजारों में लौटी रौनक राखी दुकानों पर उमड़ी महिलाओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज





भाई-बहन के पवित्र प्रेम और अटूट रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे नगर के बाजारों में रौनक बढ़ती जा रही है। रक्षाबंधन से पहले बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ दिखाई देने लगी है। खासकर राखी की दुकानों पर महिलाओं और युवतियों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है। बाजार में तरह-तरह की आकर्षक राखियां, बच्चों के लिए कार्टून वाली राखियां, रेशम की राखियां, मोती और डिजाइनर राखियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। रक्षाबंधन को लेकर बाजार में दुकानदारों ने भी विशेष तैयारियां की हैं। दुकानों को रंग-बिरंगी राखियों से सजाया गया है। बहनें अपने भाइयों की पसंद के अनुसार राखियों की खरीदारी कर रही हैं। वहीं भाई भी अपनी बहनों के लिए उपहार और अन्य सामान खरीदने में जुटे हुए हैं। बाजार में कपड़े, कॉस्मेटिक, गिफ्ट आइटम और मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है।

मिठाई की खरीदारी पर महंगाई का असर: रक्षाबंधन के अवसर पर मिठाई की मांग हर साल बढ़ जाती है, लेकिन इस बार मिठाइयों के दाम बढ़ने से ग्राहकों के बजट पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। बाजार में कई प्रकार की मिठाइयों के दाम बढ़े हुए हैं। इसके चलते जहां पहले लोग त्योहार पर एक किलो या उससे अधिक मिठाई खरीदते थे, वहीं अब कई ग्राहक 500 ग्राम या 250 ग्राम मिठाई खरीदकर ही काम चला रहे हैं। मिठाई विक्रेता अशोक नेमा ने बताया कि चीनी सहित मिठाई बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री के दाम बढ़ने का असर मिठाइयों की कीमतों पर पड़ा है। महंगाई के कारण ग्राहक मिठाई की मात्रा कम कर रहे हैं, हालांकि रक्षाबंधन के चलते मिठाई की बिक्री में तेजी बनी हुई है।

त्योहार को लेकर व्यापारियों में उत्साह

रक्षाबंधन से पहले बाजार में बढ़ी चहल-पहल से व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं। दुकानदारों को उम्मीद है कि त्योहार के नजदीक आने के साथ बाजार में ग्राहकों की संख्या और बढ़ेगी तथा कारोबार में अच्छी तेजी आएगी। लंबे समय से त्योहार के सीजन का इंतजार कर रहे व्यापारियों के लिए रक्षाबंधन बाजार में नई उम्मीद लेकर आया है। कुल मिलाकर रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर नगर के बाजारों में उत्साह और चहल-पहल का माहौल दिखाई दे रहा है। एक ओर जहां बहनें भाइयों के लिए पसंदीदा राखी खरीदने में जुटी हैं, वहीं दूसरी ओर भाई भी बहनों को उपहार देने की तैयारी कर रहे हैं। महंगाई के बावजूद त्योहार की खुशियों में कोई कमी नजर नहीं आ रही है और बाजार में रक्षाबंधन की तैयारियां जोरों पर हैं।

पर्व के चलते उपहारों की दुकानों पर भी बढ़ी बिक्री

रक्षाबंधन केवल राखी बांधने तक सीमित नहीं है, बल्कि भाई अपनी बहनों को उपहार भी देते हैं। इसके चलते गिफ्ट सेंटर, कपड़ों की दुकानों, कॉस्मेटिक और अन्य दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। लोग अपनी बहनों के लिए कपड़े, साड़ी, पर्स, कॉस्मेटिक, घड़ी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी सहित विभिन्न उपहार खरीद रहे हैं।

महिलाओं की भारी भीड़

रक्षाबंधन से पहले सबसे अधिक भीड़ राखी की दुकानों पर नजर आ रही है। महिलाएं और युवतियां अपने भाइयों के लिए अलग-अलग डिजाइन की राखियां पसंद कर रही हैं। बाजार में साधारण राखियों से लेकर महंगी और आकर्षक डिजाइन वाली राखियां उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए भी कार्टून कैरेक्टर और रंग-बिरंगी राखियों की मांग देखी जा रही है। दुकानदारों ने बताया कि इस बार ग्राहक नई डिजाइन और आकर्षक राखियों को अधिक पसंद कर रहे हैं। कई बहनें एक साथ परिवार के सभी भाइयों के लिए राखियां खरीद रही हैं।

ढोलक की थाप पर दी शुभकामनाएं

रक्षाबंधन से पहले बाजार में पहुंचा किन्नर समाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

रक्षाबंधन के पावन पर्व के नजदीक आते ही नगर के बाजारों में त्योहार की रौनक बढ़ने लगी है। इसी बीच किन्नर समाज के लोग भी बाजार में पहुंचकर दुकानदारों और आम नागरिकों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए नेग (बधाई) ले रहे हैं। यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही सामाजिक रीति का हिस्सा मानी जाती है, जिसमें किन्नर समुदाय के लोग त्योहार, विवाह समारोह एवं बच्चे के जन्म जैसे शुभ अवसरों पर लोगों को आशीर्वाद और दुआएं देते हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर बाजार में किन्नर समाज के सदस्य सज-धजकर ढोलक की थाप पर नाचते-गाते हुए दुकानों पर पहुंच रहे हैं। वे व्यापारियों को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए परिवार की खुशहाली और व्यापार में उन्नति की दुआएं दे रहे हैं। इसके बदले व्यापारी अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार उन्हें नेग के रूप में रुपए, कपड़े, मिठाई सहित अन्य सामग्री भेंट कर रहे हैं।

शुभ अवसर पर दुआ लेने की पुरानी परंपरा: सनातन परंपरा में शुभ अवसरों पर किन्नर समाज से आशीर्वाद और दुआ लेने की परंपरा रही है। नगर के कई व्यापारी भी इसे आस्था और परंपरा से जोड़कर देखते हैं। मान्यता है कि शुभ अवसर पर किन्नरों को प्रसन्न कर उनका आशीर्वाद लेने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है तथा व्यापार में बरकत होती है। कई बार किन्नर समाज के सदस्य प्रसन्न होकर दुकानदारों और लोगों को अपने पास से एक या दो रुपए का सिक्का आशीर्वाद स्वरूप देते हैं। इस सिक्के को लोग श्रद्धा के साथ अपने पर्स, तिजोरी या पूजा स्थल पर रखते हैं और इसे सुख-समृद्धि का प्रतीक मानते हैं। वहीं रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में खरीदारी का सिलसिला भी तेज हो गया है। राखी, मिठाई, कपड़े और अन्य सामान की दुकानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी है। ऐसे में किन्नर समाज के लोगों के ढोलक की थाप और शुभकामनाओं से बाजार का माहौल और भी उत्सवी नजर आ रहा है। व्यापारियों और आम नागरिकों द्वारा भी उनका स्वागत करते हुए परंपरा के अनुसार नेग दिया जा रहा है।

नगर विकास के लिए नहीं होगी राशि की कमी: राज्य मंत्री पटेल

डेढ़ करोड़ से नगर के सभी सभी वार्डों में होंगे विकास कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बुधवार को क्षेत्र के विधायक प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बरनाकॉलोनी के अंबेडकर भवन के पास लगभग 40 लाख से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण के साथ वार्ड 14 में 18 लाख 12000 से बनने वाले सीसी रोड निर्माण एवं वार्ड 3 में 11 लाख 16 हजार से बनने वाले सीसी मार्ग निर्माण का भूमि पूजन किया गया। वहीं नगर के 15 ही वार्डों में विकास कार्य हेतु एक करोड़ 50 लाख की राशि की भी घोषणा की गई। एक करोड़ से संकट मोचन हनुमान मंदिर एवं 15 लाख से नरसिंह टेकरी हनुमान मंदिर के कार्यों की घोषणा की विकास में राशि की नहीं होगी कमी-चार चौराहों के निर्माण की राशि नगर परिषद के द्वारा खर्च की जाएगी। यदि निर्माण के दौरान राशि की ओर आवश्यकता पड़ती है तो बाकी राशि विधायक निधि से दी जाएगी। आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान मंत्री पटेल ने नगर विकास के लिए राशि का पिटारा खोलते हुए कहा कि नगर विकास के लिए सरकार के द्वारा किसी भी प्रकार से राशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि नगर विकास के लिए जितनी सरकार और नगर परिषद जिम्मेदार है तो वहीं नागरिकों का भी दायित्व बनता है कि वह स्वच्छता अभियान मैं अपनी माहिती भूमिका अदा करें। नहीं नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने कहा कि नगर में नगर परिषद के द्वारा विकास कार्यों को लेकर जगह-जगह निर्माण कार्य करवा रही है उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण हो या अन्य निर्माण परिषद वर्तमान में विकास की ओर अग्रसर है।उन्होंने जनता से अपील की है कि नगर विकास के लिए जरूरी है कि समस्त करदाता समय पर टैक्स चुकाएं। मंत्री पटेल ने कहा कि मंत्री विश्वास सारंग से समय मिलने के बाद शीघ्र खेल मैदान के भूमि पूजन का कार्यक्रम होगा।

सामुदायिक भवन सीसी रोड निर्माण कार्यों का राज्य मंत्री पटेल ने किया भूमि पूजन

इनकी रही उपस्थिति: भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत पार्षद ठाकुर सिंह पटेल चंद्र प्रकाश मेहरा शैलेंद्र पटेल भरत शर्मा राजेश साहू हिमकर उपाध्याय फूल सिंह धाकड़ हरिचरण बारीबा योगेश पटेल अभिषेक रघुवंशी शारदा सराठे राधेश्याम पालीवाल राजकुमार धाकड़ सीएमओ हरिशंकर वर्मा सहित कर्मचारियों व अन्यों की उपस्थिति रही।

ब्राह्मण समाज सहित श्रद्धालु शामिल होंगे

श्री मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल में होगा श्रावणी उपाकर्म महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



श्री मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल में शुक्रवार, 28 अगस्त को पवित्र श्रावणी उपाकर्म महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पूज्य संत श्री 1008 ब्रह्मचारी जी महाराज के सानिध्य एवं पंडित द्वारका प्रसाद शास्त्री के आचार्यत्व में होने वाले इस आयोजन में ब्राह्मण समाज सहित श्रद्धालु शामिल होंगे।श्रावणी पर्व को शरीर, मन और इंद्रियों की पवित्रता का पर्व माना गया है। इस अवसर पर सुबह 6 से 9 बजे तक मां नर्मदा की गोद में स्नान, संकल्प, स्वाध्याय, शुद्धिकरण, यज्ञोपवीत एवं सप्तऋषि पूजन सहित विभिन्न धार्मिक विधियां संपन्न होंगी। वैदिक परंपरा के अनुसार पुराने जनेऊ का विसर्जन कर नवीन यज्ञोपवीत धारण कराया जाएगा तथा ऋषियों एवं पितरों का पूजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में संध्यावंदन, सूर्योपासना एवं मां नर्मदा की गोद में खड़े होकर भगवान महामृत्युंजय की प्रार्थना भी की जाएगी। श्रावणी उपाकर्म के माध्यम से जाने-अनजाने में हुए पापों का प्रायश्चित कर जीवन को सकारात्मकता से भरने का संदेश दिया जाएगा।आयोजन के संबंध में पंडित कमल किशोर शर्मा ने बताया कि श्रावणी पर्व वैदिक काल से शरीर, मन और इंद्रियों की पवित्रता का पर्व माना जाता है। इस दिन विधि-विधान से उपाकर्म एवं ऋषिपूजन करने की परंपरा है।श्रावणी उपाकर्म एवं ऋषिपूजन के पश्चात श्री मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल में भंडारा एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र से आए हुए श्रद्धालु शामिल होंगे एवं धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेंगे।

क्षेत्र के हजारों किसानों के खातों में आई मूंग बेचने की राशि

सहकारी बैंक में नकदी नोटों की कमी, दिए जा रहे दस-दस हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



पिछले गेहूं के सीजन में क्षेत्र के किसान अपना गेहूं समर्थन मूल्य पर सहकारी संस्थाओं को बेचने के बाद राशि खातों में आने के बाद भी बैंकों में नगदी नोटों की कमी के कारण आर्थिक संकटों से जूझते रहे। समर्थन मूल्य पर किसानों ने मूंग बेची खातों में राशि आ जाने के बाद दूसरी बार किसानों को उनकी आवश्यकता अनुसार राशि न मिलने से किसान हैरान परेशान और आर्थिक संकट से जूझते और अपनी नाराजगी व्यक्त करते नजर आ रहे हैं।

कृषि प्रधान क्षेत्र में किसानों द्वारा अपनी अधिकांश उपज गेहूं चना धान मूंग समर्थन मूल्य पर बेची जाती है। किसानों द्वारा जिस भारी मात्रा में अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेची जाती है उसकी राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में आती है। किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार राशि अहारण में सबसे अधिक परेशानी कठिनाई सहकारी बैंक की शाखाओ में होती है। यह सिलसिला पिछले अनेक वर्षों से सहकारी बैंकों में सीजन के दौरान नोटों की कमी के रूप में बना रहता है।

मूंग बेचने की लाखों की राशि किसानों के खातों में आ गई। भारी संख्या में किसान मूंग की राशि खातों में आने का अभी भी इंतजार कर रहे हैं। सहकारी बैंक शाखाओं में नकदी नोटों का संकट बना हुआ है। जिला स्तर से निचले स्तर पर सहकारी बैंक शाखाओ को उनकी मांग के अनुसार नगदी नोट राशि उपलब्ध न कराए जाने से बैंक आने वाले किसानों को सीमित मात्रा में कभी 20000 कभी 10000 तक की नगदी राशि दिए जाने की व्यवस्था रहती है। जिससे किसान अपनी ही राशि बैंक में जमा होने के बाद आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं।

हनुमान मंदिर छींद धाम सड़क गड्ढों में तब्दील, वाहनों का बिगड़ रहा संतुलन





बरेली। प्रत्येक शनिवार मंगलवार को क्षेत्र के साथ अन्य जिलों से हजारों की संख्या में हनुमान भक्त छींद धाम मंदिर आते जाते हैं। छींद धाम पहुंचने के लिए अनेक मार्ग हैं परंतु फोरलेन 45 से 3 प्रो जोड़े मार्गों का श्रद्धालुओं द्वारा सबसे अधिक उपयोग किया जाता है करोड़ों रुपए की लागत से बनी सड़कों का भली प्रकार मेंटेनेंस न किए जाने से सड़कों की हालत जर्जर गड्ढों ही गड्ढों से छल्नी हो जाने के कारण श्रद्धालुओं के वाहनों का संतुलन बिगड़ने की सबसे बड़ी बाधा और परेशानी बन रही है।

संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में हनुमान मंदिर छींद धाम की भारी ख्याति है। हनुमान जी महाराज भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करने के साथ कष्टों को दूर करते हैं इसी कारण सैकड़ो श्रद्धालु भक्त लगातार 5-7-11 मंगलवार या शनिवार को छींद धाम आते हैं। अब तो शनिवार मंगलवार के अलावा अन्य दिनों में भी छींद धाम में भक्तों की उपस्थिति और भंडारा जन्मदिन की कार्यक्रम भी होने लगे हैं । मुख्य सड़क पर अतिक्रमण- छींदधाम के विशाल सरकारी तालाब और मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग पर अतिक्रमण की भरमार बनी हुई है। भीड़भाड़ के समय भारी अतिक्रमण से सड़क सकरी होने से कभी भी हादसा होने की संभावना पुलिस अपनी रिपोर्ट में दे चुकी है। वर्षों बीत जाने के बाद भी मंदिर पहुंच मार्ग के दोनों और छुछाहर ग्राम मार्ग तालाब के आसपास भारी अतिक्रमण क्यों नहीं हट पाया चर्चा का विषय बनने के साथ कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

जिस भारी उत्साह उमंग के साथ हजारों श्रद्धालु महिला पुरुष पैदल या वाहनों में सवार होकर छींद धाम आते हैं सड़कों पर गड्ढों ही गड्ढों से छलनी हुए मार्ग पर जोखिम भरी स्थिति में सफर करना मजबूरी बना हुआ है। मार्ग की मरम्मत किए जाने की औपचारिकता हुई अब फिर गड्ढे कभी भी बड़ी घटना दुर्घटना का कारण बन सकते हैं सड़क के दोनों और पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण भी होना जरूरी है। मरम्मत से श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी।

रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में राखी की दुकानों पर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

रक्षाबंधन त्योहार को लेकर नगर के बाजारों में इन दिनों भारी भीड़ और चहल-पहल देखने को मिल रही है। नगर के छोटा बाजार, बड़ा बाजार और टॉकीज चौराहा पर व्यापारियों और छोटे दुकानदारों द्वारा राखी की आकर्षक दुकानें लगाई गई हैं। राखी की दुकानों पर बहनों की खरीदारी के लिए भीड़ नजर आ रही है, जिससे बाजारों में त्योहार की रौनक बढ़ गई है।



शुक्रवार को भाइयों की कलाई पर सजेगी राखी

इस वर्ष रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त, शुक्रवार को मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर हिन्दू परिवारों में उत्साह और उमंग का माहौल है। रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी दीर्घायु, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना करती हैं। वहीं भाई भी बहनों की रक्षा और सम्मान को सुरक्षित रखने का संकल्प लेते हैं। रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पवित्र पर्व माना जाता है।

शक्कर की महंगाई से घरों में बन रहे पकवान

शकर के दाम बढ़ने का असर इस बार रक्षाबंधन के त्योहार पर भी देखने को मिल रहा है। बाजार में तैयार मिठाइयों और पकवानों के दाम बढ़ने से गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार अपनी सुविधा और बजट के अनुसार घरों में ही विभिन्न प्रकार के पकवान एवं मिठाइयां तैयार कर रहे हैं। कई परिवारों का कहना है कि बाजार की महंगी मिठाइयों की अपेक्षा घर पर पकवान, मिठाइयां बनाना अधिक सुविधाजनक और किफायती है। त्योहार को लेकर बाजारों में बढ़ी भीड़ से व्यापारियों को भी कारोबार अच्छा होने की उम्मीद है।

किसान समय रहते बनवाएं 'फार्मर आईडी' गढ़ाकोटा। सागर जिले की गढ़ाकोटा तहसील के किसानों के लिए जरूरी खबर है। शासन के निर्देशानुसार जिले में 20 अगस्त से 15 सितंबर तक सघन अभियान चलाया जा रहा है। राजस्व विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर अपनी डिजिटल फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनवा लें।

कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी निषादराज मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्यादित सताखेड़ी जाजोन, जिला विदिशा
पंजी. क्र. 557 दिनांक 20.05.1998
निर्वाचन आमसभा की सूचना
संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन बावत् विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 08.09.2026 दिन मंगलवार को प्रातः 11.00 बजे से स्थान संस्था कार्यालय पर आयोजित की गई है। दिनांक 01.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक संस्था कार्यालय पर नामांकन पत्र लिये जावेगें। दिनांक 02.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जावेगी। दिनांक 03.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक नाम वापिस लिये जा सकेगें। तत्पश्चात् अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन रिटर्निंग अधिकारी मनोहर रजक द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।
(मनोहर रजक)
रिटर्निंग अधिकारी
निषादराज मत्स्योद्योग सहकारी
संस्था मर्यादित सताखेड़ी जाजोन, जिला विदिशा

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह जमा पानी मच्छरों के लिए मुफीद ठिकाना बन गया

बारिश के बाद मच्छरजनित बीमारियों का डंक, डेंगू के 13 व मलेरिया के 20 मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

रिमझिम बारिश के बीच शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह जमा पानी मच्छरों के लिए मुफीद ठिकाना बन गया है। इसका असर अब मलेरिया और डेंगू और चिकनगुनिया वायरल फीवर के आंकड़ों में भी दिखने लगा है।

जिला मलेरिया विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार जिले में जनवरी से अब तक डेंगू के 13 और मलेरिया के 20 और चिकनगुनिया के 2 मरीज मिल चुके हैं। इनमें ज्यादातर मामले बारिश के सीजन में सामने आए हैं।

जिला मलेरिया विभाग की अधिकारी डॉ प्रियंवदा गुप्ता ने बताया कि मलेरिया लार्वा जांच टीम द्वारा डेंगू सर्वे कराया गया। जिसमें टीम ने कुल 5536 सर्वे किया जिसमें 432 लार्वा घरों में और कंटेनर भी चेक किए गए। कुल 1132312 जगहों पर सर्वे कराया गया।



वायरल फीवर के मरीज के नए लक्षण सामने आए

वायरल फीवर के नये लक्षण हाल ही में सामने आए हैं। जिला अस्पताल में रोजाना ओपीडी का आंकड़ा ग्यारह सौ से लेकर 1260 मरीज इलाज कराने आ रहे हैं। इनमें सात से आठ सौ मरीज वायरल फीवर के होते हैं। मेडिकल ऑफिसर डॉ यशपाल सिंह बाल्यान ने बताया कि मरीज को जब वायरल फीवर एक बार आ जाता है तो उसे ठीक होने में कम से कम दस से पंद्रह दिन लग रहे हैं। मरीज को सावधानी बरतने और परहेज करने की सलाह भी दी जा रही है। ताजा मामला बेगमगंज ब्लॉक के वीरपुर गांव का है। यहां के 26 वर्षीय सदानंद कुमार की मलेरिया जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बुखार की शिकायत पर वे जिला अस्पताल की ओपीडी पहुंचे थे। चिकित्सक ने जांच कराने की सलाह दी। 23 अगस्त को आई रिपोर्ट में मलेरिया पॉजिटिव मिला। इसके बाद मरीज को पुरुष मेडिकल वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया है।

इस साल अब तक 84 मरीज

जिले के मलेरिया विभाग के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से अगस्त तक जिले में डेंगू के 13 और मलेरिया के 20 और चिकनगुनिया के मरीज सामने आए हैं। बाकी अन्य संक्रामक बीमारियों से पीड़ित मरीज पलंगों पर भर्ती है।

खाली प्लॉट और बस्तियों में जमा पानी

शहर की कई निचली बस्तियों और कॉलोनियों खाली प्लॉटों में बारिश का पानी अब भी जमा है। कलेक्ट्रेट कॉलोनी वीआईपी कॉलोनी भारत नगर गोल्डन सिटी भारत बिहार, साईं बिहार कॉलोनी भारत नगर श्रीराम नगर कॉलोनी पुलिस लाइन नील गगन कॉलोनी पाटनदेव क्षेत्र मुखर्जी नगर कॉलोनी पटेल नगर यशवंत नगर कॉलोनी अर्जुन नगर अवंतिका कॉलोनी सहित कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

लंबे समय से जमा पानी में मच्छरों के लार्वा पनपने की आशंका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव वाले इलाकों में नियमित लार्वा विनिष्टीकरण, कीटनाशक छिड़काव और फॉगिंग पर्याप्त नजर नहीं आ रही है। हालांकि खाली पड़े प्लॉट मालिकों पर नगर पालिका परिषद नोटिस देकर जुर्माने की कार्रवाई करती है। लेकिन इस बार नपा परिषद सुस्त नजर आ रही है।

ओपीडी में 1100 से ज्यादा मरीज

जिला अस्पताल की ओपीडी में इन दिनों बुखार की शिकायत लेकर रोजाना 250 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। ओपीडी सुबह शाम कभी 1100 तो कभी 1250 मरीज इलाज कराने आ रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार सभी मरीजों की आवश्यकतानुसार खून की जांच कराई जा रही है। कुछ मरीजों में प्लेटलेट्स कम मिलने पर उन्हें निगरानी में रखा जा रहा है, जबकि गंभीर मरीजों को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

इनका कहना है...

इस वक्त जिला अस्पताल की ओपीडी में वायरल इंफेक्शन के मरीजों की बाढ़ सी आई है। करीब 200 मरीजों में औसतन 100 मरीज वायरल बुखार के चपेट में आ रहे हैं। इनमें से 20 से 30 मरीजों को एडमिट करना पड़ता है जिसमें 5 मरीज आईसीयू पहुंचते हैं।

- डॉ. अनिल ओढ, सिविल सर्जन

किसी क्लीनिकों में वायरल इंफेक्शन के मरीजों को आमतौर पर तेज हो जाती है। एक्स्ट्रा वायरल और बैक्टीरियल निमोनिया भी तेजी से फैल रहा है। लोगों को फीवर को गंभीरता से लेना होगा। घर पर खुद से इलाज न शुरू करें।

- डॉ. यशपाल सिंह बाल्यान, मेडिसिन स्पेशलिस्ट।

लव जिहाद , नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म व अश्लील वीडियो बनाने का आरोप

धर्म परिवर्तन का दबाव, युवती ने हिंदू संगठन के सामने युवक की पिटाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन/मंडीदीप



जिले के मंडीदीप थाना क्षेत्र से एक बार फिर युवती को प्रेमजाल में फंसाकर धोखा देने का मामला सामने आया है। लव जिहाद के मामले में युवती ने मुमताज मोहम्मद नामक युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मामला सामने आने के बाद हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी थाने पहुंचे। युवती ने संगठन की मौजूदगी में युवक की पिटाई भी की। पीड़िता का आरोप है कि वह और मुमताज दोनों मंडीदीप की सीजी पावर कंपनी में काम करते थे। वहीं से दोनों की पहचान हुई। आरोप है कि मुमताज ने हिंदू बनकर माथे पर तिलक लगाकर युवती से नजदीकी बढ़ाई। युवती के साथ वह मंदिर भी जाता था, तिलक भी लगाता था और मंदिर में साथ में फोटो भी खिंचवाता था। जिससे युवती को उस पर भरोसा हो गया। पीड़िता ने बताया कि मीठी ईद के दिन मुमताज उसे अपने घर ले गया और सिवइयों में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। इस दौरान अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसे ब्लैकमेल करता रहा। आरोप है कि युवक ने युवती की मांग भर दी और मंगलसूत्र भी पहनाया। बाद में उस पर धर्म परिवर्तन करने और मांस खाने का दबाव बनाने लगा। परेशान होकर युवती ने हिंदू संगठन को जानकारी दी और फिर मंडीदीप थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इनका कहना है

इस मामले में युवती की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है। सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है।

शीला सुराना, एसडीओपी ओबेदुल्लागंज

डॉक्टर-नर्स पर लापरवाही का आरोप, कहा - गंभीर हालत में भी नहीं दिया ध्यान

जिला अस्पताल में हंगामा: 7 साल की मासूम की मौत पर अस्पताल प्रबंधन पर फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिला अस्पताल में उस वक्त हंगामे की स्थिति बन गई, जब 7 साल की बच्ची की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा दिया। परिजनों का कहना है कि बच्ची की हालत लगातार बिगड़ रही थी। लेकिन ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर और नर्सों ने समय पर ध्यान नहीं दिया। कई बार बुलाने के बाद भी स्टाफ मौके पर नहीं पहुंचा। जिससे बच्ची ने दम तोड़ दिया।

जिला अस्पताल परिसर में हंगामा... कार्रवाई की मांग

बच्ची की मौत की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और जिला अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। उन्होंने दोषी डॉक्टर और नर्सों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर जिला अस्पताल प्रबंधन मौके पर पहुंचा और परिजनों को समझाइश देकर शांत कराया। मामले में जांच की बात कही जा रही है। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि बच्ची की तबीयत बहुत खराब थी, हम बार-बार डॉक्टर को बुला रहे थे।लेकिन कोई देखने नहीं आया। लापरवाही से हमारी बच्ची की जान चली गई। फिलहाल अस्पताल प्रबंधन ने पूरे मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

रायसेन-भोपाल बायपास पर दो बाइकों में आमने सामने की भिड़ंत, दो युवक गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन



कोतवाली थाना क्षेत्र के रायसेन-भोपाल बायपास पर बुधवार शाम एक सड़क हादसा हो गया। पुलिस पेट्रोल पंप के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइकों पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और 108 एम्बुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। 108 एंबुलेंस टीम में पायलट अभिषेक पाठक एवं ईएमटी भोलाराम ने तत्परता दिखाते हुए सहयोग किया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों बाइकें तेज रफ्तार में थीं। रायसेन बायपास पर पुलिस विभाग के पेट्रोल पंप के वाटर फिल्टर प्लांट नजदीक मोड़ पर अचानक आमने-सामने आ गईं और जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक उछलकर सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

पुलिस और एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल उठाया। इसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवकों के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। एक युवक के सिर में ज्यादा चोट होने के कारण उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। फिलहाल दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने दोनों बाइकों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे की वजह सामने आ रही है। कोतवाली थाना पुलिस के टीआई नरेंद्र गोयल ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है। बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

किराना पान की दुकान पर खुलेआम बिक रही अवैध शराब, एमआरपी से अधिक कीमत पर बेची जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭सलामतपुर



इन दिनों सलामतपुर शराब ठेकेदार डीआर वाइन कंपनी द्वारा कुछ गांवों में खुलेआम किराना दुकान से लेकर पान की दुकान, होटल, ढाबे और चाय की दुकान तक पर आसानी के साथ अवैध रूप से शराब बेच रहा है। और ये सब पुलिस और आबकारी विभाग की नाक के नीचे खुलेआम हो रहा है। बताया जाता है कि ठेकेदार की ऊंची पहुंच के चलते पुलिस व आबकारी भी कार्रवाई करने से कतरा रही है। वहीं आमखेड़ा, पगनेश्वर गांव के ढाबा, चिरौली, गुलगांव, एरन गांव, मरमटा, सूखाकरार गांव, चिरहोली गांव में पान की गुमठी, चाय की दुकान, किराने की दुकान पर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। अवैध रूप से बिक रही शराब के कारण कई ग्रामीणों के परिवार बर्बाद होने के साथ ही युवक भी नशे की लत में बर्बाद हो रहे हैं। आलम यह है कि चाय की दुकान तक पर अवैध शराब आसानी के साथ बिक रही है।

इन क्षेत्रों में खुलेआम बिक रही है अवैध शराब

सलामतपुर शराब ठेकेदार डीआर वाइन कंपनी की 3 शराब दुकानें जिनमें से 2 दुकान सांची क्षेत्र और एक दुकान सलामतपुर क्षेत्र में है। ठेकेदार द्वारा खुलेआम अवैध शराब आबकारी विभाग की नाक के नीचे बेची जा रही है।गुलगांव, एरन गांव में पान की दुकान पर, चिरहोली में किराना दुकान पर खुलेआम शराब बेची जा रही है। इसके साथ ही पगनेश्वर सहित कई ढाबों पर भी अवैध रूप से शराब बिक रही है। और वहीं बैठकर पिलाई भी जा रही है।

क्षेत्र के रहवासियों ने कलेक्टर एसपी से की कार्रवाई की मांग

आसपास गांवों के रहवासियों ने रायसेन जिले के कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता सहित रायसेन आबकारी अधिकारी से शराब माफिया के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। रहवासियों ने कहा है कि अवैध रूप से बिक रही शराब के कारण सैंकड़ों लोगों के घर परिवार बर्बाद हो गए हैं। वहीं कई युवक भी इसकी चपेट में आकर नशे के आदि हो रहें हैं। जिससे उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। क्षेत्र के शराब ठेकेदार के ऊपर शीघ्र ही कार्रवाई की जाए नही तो हम आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे।

इनका कहना है...

आपके द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया है कि कई गांवों में किराना दुकान से लेकर चाय पान की दुकान पर शराब ठेकेदार अवैध रूप से शराब बिकवा रहा है। जांच कर शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी

रामबिलोचन शर्मा, थाना प्रभारी सांची।

निकाली कलश वंदन यात्रा, पूर्व मंत्री ने किया पूजन

सियरमऊ में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर आयोजन, एकता और बंधुत्व का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭सिलवानी

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती पर आयोजित कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान के तहत ग्राम सियरमऊ में भव्य कलश वंदन यात्रा निकाली गई। यात्रा में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह शामिल हुए और विधिवत कलश पूजन कर कार्यक्रम में सहभागिता की। यात्रा के दौरान ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

श्रद्धालुओं ने पारंपरिक तरीके से कलश वंदन कर संत रविदास महाराज के विचारों को जन.जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, भाईचारे और समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संत रविदास महाराज के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में ऊंच.नीच और भेदभाव की भावना को समाप्त कर आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास महाराज के विचार आज भी समाज को समानता और एकजुटता की दिशा में प्रेरित करते हैं। कलश वंदन यात्रा ने ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राकेश खरे, मंडल अध्यक्ष हरिराम यादव, विक्रम शाह, विनोद शाह, अरविंद शुक्ला, अमित शुक्ला, दीनबंधु तिवारी, बल्लू कुशवाह, धीरेंद्र शाह, भूपेंद्र ठाकुर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला-बोल आज

रायसेन। बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस गुरुवार को सड़क पर उतरेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र पटेल के निर्देश पर ब्लॉक स्तरीय विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया है।कांग्रेस के रायसेन ब्लॉक अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार 27 अगस्त को दोपहर 2 बजे ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय कामधेनु शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भोपाल सागर तिराहा रायसेन पर कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान नुक्कड़ सभा एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया जाएगा।पार्टी जिलाध्यक्ष देवेंद्र पटेल ब्लॉक अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित कांग्रेस नेताओं का कहना है कि शक्कर की बढ़ती कीमतों से आम आदमी की पहुंच से मिठास दूर होती जा रही है। पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और मिलावट पर कोई रोक नहीं है। बिजली के मनमाने बढ़े हुए बिलों ने जनता की कमर तोड़ दी है। वहीं रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें भी लगातार बढ़ रही हैं, जिससे गृहणियों का बजट बिगड़ गया है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने कहा कि यह केवल विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि महंगाई से त्रस्त जनता की बुलंद आवाज है। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजनों से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की गई है।

अवैध मुरुम खनन, गहरे गड्ढे में डूबा चरवाहा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन



जिले के थाना सिलवानी के तहत अवैध मुरम खनन एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ है। सड़क किनारे मुरम खुदाई से बने तालाबनुमा गहरे गड्ढे में डूबने से एक चरवाहे की मौत हो गई। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों में प्रशासन और खनन माफिया के खिलाफ भारी आक्रोश है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चरवाहा रोज की तरह सुबह मवेशी चराने के लिए जंगल की ओर गया था। दोपहर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। सड़क किनारे बने पानी भरे गड्ढे के पास उसकी लाठी और चप्पल पड़ी मिली। ग्रामीणों ने गड्ढे में देखा तो शव उतराता हुआ मिला। बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण के नाम पर जेसीबी से अंधाधुंध मुरम निकाली गई है। 10 से 15 फीट गहरे गड्ढे खुले छोड़ दिए गए। बारिश में उनमें पानी भर गया और तालाब बन गए। गहराई का अंदाजा न होने से चरवाहा डूब गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

ईद मिलादुन्नबी पर बेगमगंज में जुलूस-ए-मोहम्मदी में उमड़ें अकीदतमंद

रायसेन सहित गैरतगंज, बेगमगंज की मस्जिदों और गलियों में आकर्षक सजावट, जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन/बेगमगंज



जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी का पर्व बुधवार को शहर सहित तहसीलों कस्बों,ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखा गया। शहर सहित जिलेभर की मस्जिदों और प्रमुख मार्गों पर सजावट की गई है, वहीं जगह-जगह लंगर एवं जुलूस के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई थी। मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष इलियास पठान ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी पर्व अकीदतमंदों द्वारा हजरत पैगंबर साहब का जन्मदिन मनाया गया। बेगमगंज नगर की सामाजिक संस्था न्यू यंग मोमिन ग्रुप द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईद मिलादुन्नबी पर्व के अवसर पर सेवा और सदभाव भाईचारे की मिशाल पेश की गई। दोपहर बाद बेगमगंज तहसील मुख्यालय पर मोहम्मदी जुलूस नगर के मुख्य मुख्य मार्गों से निकाला गया। इस जुलूस फूल बरसाकर किया स्वागत।क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल मित्र मंडली सहित कांग्रेसजनों ने भी किया स्वागत।

न्यू मोमिन कमेटी के सदस्यों द्वारा सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेगमगंज में भर्ती मरीजों के परिजनों और उपजेल बेगमगंज के कैदियों को भोजन कराया । इसके बाद शहर के विभिन्न स्थानों पर फल वितरण किया जाएगा। जोहर की नमाज के बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे शहर के अलग-अलग मोहल्लों से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया।ईद मिलादुन्नबी पर मस्जिदो में तकरीर का आयोजन भी किया गया। इसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस के स्वागत और सेवा के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर लंगर की व्यवस्था की गई है। बेगमगंज मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष आरिफ राइन एवं मुस्लिम समाज के सरपरस्तों की अगुवाई में ईद मिलादुन्नबी पर्व का जुलूस विभिन्न अखाड़ों के साथ जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम में एसडीएम प्रियंका भलावी, एसडीओपी सोनाली गुप्ता टीआई राजीव उई के की भूमिका सराहनीय रही। बेगमगंज मुस्लिम समाज कमेटी द्वारा लंगर एवं स्वागत की व्यवस्था की गई।जबकि जुलूस के समापन अलमदार समिति द्वारा स्वागत किया जाएगा। आयोजन के माध्यम से भाईचारे, सद्भाव और एकता का संदेश दिया जाएगा। जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम युवा कमेटी की ओर से नजीराबाद बस स्टैंड में दोपहर 2 बजे से लंगर का आयोजन किया गया है। मुस्लिम त्यौहार कमेटी के सदर आरिफ राइन ने बताया कि लंगर के साथ यहां फल वितरण भी किया गया । जिले में ईद-ए-मिलादुन्नबी घर को आकर्षक रोशनी और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया। रात के समय रोशनी से जगमगाता घर लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। उन्होंने पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन की खुशी में घर को सजाकर भाईचारे, अमन और सौहार्द का संदेश दिया।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास लगा कचरे का ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭गैरतगंज

दे दी हमे आजादी बिना खड्ग बिना ढाल, साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल जिनके नाम को लेकर लोग राष्ट्रभक्ति की कसमें खाते हैं, जिनका नाम लेकर आंदोलन शुरू हो जाते है, उन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास कचरे के ढेर लग रहे है और गैरतगंज नगर परिषद ने कोई संज्ञान नहीं लिया, अभी 15 अगस्त पर जिनकी प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रभक्ति की कसमें खाई आज चंद दिनों बाद ही उनकी ये तस्वीर राष्ट्रभक्तो को झकझोरने वाली है, गैरतगंज मुख्यालय पर एसडीएम तहसीलदार थाना प्रभारी सीएमओ सभी प्रशासनिक अधिकारियों का डेरा होने के बाद राष्ट्रपिता की ये बदहाली से नगरवासियों में आक्रोश है। नगर परिषद गैरतगंज की कार्यशैली से राष्ट्रपिता की प्रतिमा का अपमान हो रहा है, शीघ्र साफ सफाई न करवाई गई तो उग्र आंदोलन होगा राष्ट्रपिता का अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।



इनका कहना है:

मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है मै शीघ्र सफाई करवाता हूं।

-राजेन्द्र शर्मा, सीएमओ नगर परिषद गैरतगंज।